प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 05.01.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

नशा के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम डॉन के तहत आज धनबाद सिविल कोर्ट के न्यायिक पदाधिकारियों ने पदयात्रा निकाली। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि झालसा समाज में विधिक जागरूकता के साथ सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चला रहा है।

इधर, चाईबासा में डालसा ने नशे के विरुद्ध सात दिवसीय अभियान शुरू किया। डालसा के सचिव रवि चौधरी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाएगा।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में खनन से हो रहे प्रदूषण और उससे जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को लेकर राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीएमएफटी फंड के तहत जिलों को हजारों करोड़ रुपये दिए जाते हैं, लेकिन इस राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। श्री मरांडी ने एनजीटी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से विशेष टीम गठित कर झारखंड में प्रदूषण की स्थिति का आकलन करने और आवश्यक रोकथाम के कदम उठाने की मांग की है।

****

पाकुड़ जिले में नगर निकाय चुनाव दलीय आधार पर शीघ्र कराने, शहरी जलापूर्ति योजना को चालू करने सहित कई जनमुद्दों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय के निकट धरना दिया। धरना के बाद जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के नेतृत्व में मांग पत्र प्रशासक नगर परिषद को सौंपा गया।

****

हजारीबाग जिले में छह से दस जनवरी तक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। राज्य सरकार की इस पहल से ग्रामीण और दूर दराज क्षेत्रों के लोगों को उनके ही प्रखंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मेला में सामान्य चिकित्सा, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, आंखों की जांच, मोतियाबिंद जांच, नाक–कान–गला जांच, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सहित कई महत्वपूर्ण सेवाएं मिलेंगी। इसके अलावा कैंसर नियंत्रण जागरूकता, धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जायेगी।

****

बिहार में रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा एक फरवरी को गुमला से आयोजित की जायेगी। रोहतासगढ़ तीर्थ यात्रा समिति, गुमला के संयोजक देवेंद्र लाल उरांव ने बताया कि इस यात्रा में जिला से करीब पांच सौ जबकि पूरे राज्य से पांच हजार से अधिक जनजाति समुदाय के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार स्थित रोहतासगढ़ में जनजातीय समुदाय का उद्‌गम स्थल है।

उन्होंने कहा कि जनजाति समाज की सभ्यता संस्कृति व परंपराओं से अवगत कराने के लिए इस विशेष यात्रा का आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

****

रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से आज तीन उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिनमें बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली से रांची आने–जाने वाली फ्लाइटें शामिल हैं। जारी सूचना के अनुसार हवाई यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करें।

****